INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST-I (2024-25)
HINDI (COURSE-B)

SET-II

CLASS: IX — **MAX. MARKS:20**

DATE: 22/05/2024 — **TIME : 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश :

- कुल प्रश्नों की संख्या पाँच है ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1x4=4)

डर अथवा भय ऐसी चीज़ है जिसके लाभ तो अवश्य हैं पर हानियाँ भी कम नहीं हैं। यदि मनुष्य के मन में भय न होता तो वह आग में हाथ डालकर अपने को जला लेता। साथ ही वह बुरे से बुरा काम करने में भी नहीं हिचकता। अक्सर हम देखते हैं कि इसी डर के कारण बहुत से लोग ठीक काम भी नहीं कर पाते। उन्हें सदा यही डर लगा रहता है कि कोई उनके काम को बुरा न कह दे। यदि देखा जाए तो हर काम के बारे में हमेशा दो राय रहती हैं। कुछ लोग उसे ठीक समझते हैं और कुछ गलत। फिर सही और गलत का फ़ैसला कैसे हो ? रूढ़ीवादी लोग पुरानी परिपाटी पर चलना उचित समझते हैं लेकिन ऐसा करने से विकास का रास्ता रुक जाता है। कहा भी जाता है कि सपूत अपनी राह स्वयं बनाते हैं। हर मनुष्य यही चाहता है कि वह बिना किसी कठिनाई के सुरक्षित जीवन जिए। जब भूचाल या अन्य कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो हम देखते हैं कि कुछ लोग चमत्कारिक रूप से बच जाते हैं। यह बचाने वाली कोई अदृश्य शक्ति है जो हर किसी के साथ कहीं न कहीं विद्यमान है, उसके रहते डरने की जरूरत नहीं है।

प्रश्न-

(i) डर के कारण बहुत से लोग ठीक काम क्यों नहीं कर पाते ?

(क) उन्हें यह डर रहता है कि कोई उनके काम को बुरा न कह दे।
(ख) उन्हें पीटे जाने का भय रहता है।
(ग) अगर डर न हो तो लोग बुरा काम करने से नहीं हिचकेंगे।
(घ) सोच-विचार कर काम करने से ज्यादा फ़ायदे हैं।

(ii) पुरानी परिपाटी पर चलने से क्या होता है ?

(क) लोग रूढ़ीवादी कहलाते हैं। (ग) लोग सुरक्षित जीवन जीते हैं।
(ख) विकास का रास्ता रुक जाता है। (घ) डर नहीं लगता है।

(iii) भूचाल में कोई व्यक्ति किस प्रकार बच जाता है ?

(क) उसे बचने का तरीका आता है। (ग) भगवान का नाम स्मरण करता रहता है।
(ख) कोई अदृश्य शक्ति उसे बचाती है। (घ) वह जादू जानता है।

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) : हर काम के बारे में हमेशा दो राय रहती हैं।
कारण (R) : सब लोग उसे ठीक समझते हैं और कुछ गलत।

(क) कथन (A) तथा कारण(R)दोनों ही गलत हैं ।
(ख) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों सही हैं तथा कारण(R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।
(ग) कथन (A) सही है तथा कारण(R) गलत है ।
(घ) कथन (A) गलत है तथा कारण(R) सही है ।

प्रश्न 2 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x5 =5)

(i) प्रत्येक स्वतंत्र और सार्थक वर्ण-समूह क्या कहलाता है ?

(ii) 'सन्सकार' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए।

(iii) 'छाव' में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए।

(iv) 'मैं बस से घर आया।' वाक्य में कितने पद हैं ?

(v) 'सासत' में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए

प्रश्न 3 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए – (2+2)

(i) अपने परिवार का निर्वाह करने के लिए बुढ़िया का बेटा क्या काम करता था ?

(ii) किस आधार पर हमारे समाज में व्यक्ति का स्तर निर्धारित किया जाता है ? दुःख का अधिकार पाठ के आधार पर बताइए।

प्रश्न 4 . 'गिल्लू' पाठ में लेखिका जब अस्पताल से वापस आई तो गिल्लू ने लेखिका के सिरहाने बैठकर क्या किया ? क्या आपने भी किसी बीमार व्यक्ति की सहायता की है ? उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (3)

प्रश्न 5 .निम्न चित्र को देखकर आपके मन में जो विचार उठें, उन्हें लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (4)